## मंत्री ने प्रतिभाओं को सम्मानित किया

**दौसा।** गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग राज्यमंत्री श्री जवाहर सिंह बेढम ने रविवार को यहां दौसा में निजी मैरिज गार्डन में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में रैगर समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया।

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने रैगर समाज प्रतिभा सम्मान समारोह-2024 को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार सभी वर्गों के उत्थान एवं कल्याण के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। गृह राज्य मंत्री ने प्रतिभा सम्मान समारोह को अच्छी व स्वस्थ परंपरा बताते हुए कहा कि प्रतिभाओं को सम्मानित करने से उनको प्रोत्साहन मिलता है और समाज की अन्य प्रतिभाओं को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की शिक्षा से संबंधित योजनाओं का लाभ उठाते हुए सभी अपने बच्चे-बच्चियों को अच्छी एवं उच्चतर शिक्षा दिलवाएं। उन्होंने कहा कि समाज के प्रबुद्धजन द्वारा जो मांगें रखी गई है, उन पर सकारात्मक कदम उठाया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष डॉ. प्रभु दयाल, पूर्व विधायक नंदलाल बंशीवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल, श्रीमती कांता सोनवाल, डॉ. सुभाष बिलोनिया सहित समाज के प्रबुद्धजन, जनप्रतिनिधिगण, पत्रकारगण एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# शहरी आवास योजना में लाभार्थियों के आवासों का किया निरीक्षण

### लाभार्थियों के आवास पूर्ण होने पर 11 लाभार्थियों के खाते में तृतीय किस्त व 15 आवासों में से निरीक्षण में पात्र पाये गये 11 आवासों की प्रथम किस्त का भूगतान करने के लिये कार्मिक को निर्देशित किया

**मालपुरा** (निस) नगरपालिका शहरी क्षेत्र में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में लाभार्थियो को स्वीकृत आवास निर्माण का रविवार को अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट ने किया मौका निरीक्षण। जाट ने बताया कि नगरपालिका द्वारा पीएम शहरी योजना के अन्तर्गत वर्ष 2017-18 के 11 व वर्ष 2018-19 के 11 लाभार्थियो के आवासों का आज मौका निरीक्षण किया गया।

लाभार्थियो द्वारा आवास पूर्ण होने पर 11 लाभार्थियो के खाते में तृतीय किस्त व 2023-24 के स्वीकृत 15 आवासो में से निरीक्षण मे पात्र पाये गये 11 आवासों की प्रथम किस्त का भूगतान कार्यवाही करने के लिये सम्बन्धित कार्मिक को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान कनिष्ठ सहायक मोहित विजय, शहरी रोजगार सहायक विजय स्वामी, जमादार राजेन्द्र कुमार मौजूद रहै। उल्लेखनीय है कि बीते दिनो योजना के जिलाधिकारी द्वारा मालपुरा पहुंच पालिका कार्यालय से उक्त योजना की प्रगति रिपोर्ट जांच लाभार्थियो के खातो मे प्रोत्साहन राशि डालने व कार्य जल्द पूर्ण करवाने के लिये सम्बन्धित कर्मचारी को निर्देशित किया गया था।


लाभार्थियों को स्वीकृत आवास निर्माण का रविवार को अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट ने मौका निरीक्षण किया ।

**जलदाय विभाग की टीम ने काटे 17 अवैध कनेक्शन : मालपुरा** में पेयजल लाईन से बिना विभागीय स्वीकृति के अवैध रूप से कनेक्शन कर मुफ्त का पानी का लूप्त उठा रहै लोगो पर कार्यवाही करते हुये विभाग की टीम ने रविवार को मीर कॉलोनी मे 17 अवैध कनेक्शन काटे। जलदाय विभाग की कनिष्ठ अभियंता हंसा चौधरी ने बताया कि मीर कॉलोनी मे पानी के कनेक्शनो की जांच पडताल की गई तो जांच मे अलादिया, नूर खां, बिलाल, नाईद, हमीदा, जमीला, जहुर, साहबुद्दीन, सद्दीक, रईश, रमजानी, मेहमूद खां, हसीना, अली खां, खलील, सलीम के घर में अवैध कनेक्शन पाये गये। जिन्हे तत्काल मौके पर ही पेयजल लाईन से विच्छेद किये गये। हंसा चौधरी ने बताया कि अवैध कनेक्शनो पर विभाग की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

## सार-समाचार

### पुलिस के जवानों ने किया श्रमदान




**श्रीमाधोपुर।** स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत पुलिस के उच्च अधिकारियों के निर्देश के बाद रविवार को अजीतगढ़ सर्किल के डिप्टी एसपी कार्यालय सहित तीन पुलिस थानों में पुलिस के जवानों के द्वारा श्रमदान किया गया। डिप्टी एसपी उमेश गुप्ता के दिशा निर्देश में डिप्टी कार्यालय श्रीमाधोपुर अजीतगढ़ तथा थोई पुलिस थाने में थानाधिकारी जयसिंह बसेरा महेंद्र कुमार तथा मुकेश सेपट के नेतृत्व में पुलिस के जवानों ने पुलिस थाने में साफ सफाई की तथा पेड़ पौधों में भी निराई गुड़ाई कर श्रमदान किया। शाहपुरा । ग्राम चतरपुरा की पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 68 वीं जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता 17 वर्ष आयु वर्ग के फाइनल मुकाबले में पावटा क्षेत्र के श्री गौरी सहाय हरनाथका राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पांचूडाला के तीन छात्राओं ने क्रमशः कक्षा में अध्यनरत मनोज पुत्र घनश्याम सिंह व अंकित पुत्र झांझूराम गुर्जर एवं कक्षा के मोहित कुमावत ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन कर राज्य स्तर पर चयनित होने का गौरव प्राप्त किया है। चयनित छात्रों का पांचूडाला ग्राम के गौरी सहाय हरनाथका राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में श्रीराम गौ सेवा समिति प्रबंधक, सामाजिक कार्यकर्ता लालचंद मीणा के मुख्य आतिथ्य व प्राचार्य मनीष गोयल की अध्यक्षता में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन कर इन विद्यार्थियों का हौसल्ला हफजाई करते हुए गोल्डन ट्रॉफी एवं गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह के दौरान अभिभावकों ने विद्यालय स्टाफ व शारारिक प्रशिक्षण अनुदेशक धर्मेन्द्र कुमार मीणा का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि लालचंद मीणा ने कहा कि विद्यालय के तीन छात्रों का राज्य स्तर के लिए चयन होना विद्यालय के लिए गर्व की बात है। इन विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तर पर होने पर ना केवल विद्यालय का बल्कि माता-पिता का भी नाम रोशन हुआ है। साथ ही समाज में ये सबक भी मिलता है की आज भी गांव के मध्यम तबके के विद्यार्थी भी खेलों में किसी से कम नहीं बस इन्हें सही समय पर खेलने का सही मौका देना चाहिए। ये भी देश, राज्य, जिला, सहित अपने गांव का नाम रोशन कर सकते है। समारोह को सम्बोधित करते हुए शारारिक शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार मीणा ने कहा कि यह सफलता विद्यालय के साथ-साथ छात्रों के माता-पिता के लिए भी गर्व की बात है और उम्मीद जताई कि तीनों विद्यार्थी राज्य स्तर पर भी बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। विद्यालय प्राचार्य मनीष गोयल ने कहा की इस उपलब्धि से विद्यालय का नाम भी गौरवान्वित हुआ है और अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बना है। वहीं कार्यक्रम समापन पर गोयल ने आंगतुक अथितिगणों व ग्रामीणों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### इकरा सम्मानित

**टोंक।** जेएलएन जयपुर के निदेशक डॉ, आजम बैंग ने टोक पब्लिक स्कूल की छात्रा इकरा को उसके द्वारा किए गए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के लिए किए गए प्रेरणादायक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर टोंक पब्लिक स्कूल के निदेशक जावेद सतारी, प्रधानाध्यापक मो, नईम, फिरदौस, ईलमा, रीमा, रूबीना, करण, यासीन सहित अन्य अध्यापकों ने इकरा के उज्जवल भविष्य कि कामना की है।

## रक्तदान शिविर में 120 यूनिट एकत्रित

**मनोहरपुर** । शाहपुरा कस्बे के डाक बंगला परिसर में रविवार को मुस्लिम यूथ फाउंडेशन के तत्वाधान में तृतीय विशाल रक्तदान का आयोजन किया गया।

जिसमें 120 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया। इस दौरान संस्थापक शाहरुख खान मोहम्मद अंसार ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाहपुरा विधायक मनीष यादव व विशिष्ट अतिथि बद्री सैनी प्रेम देवी, ब्लॉक अध्यक्ष नाथूलाल सैनी डीसीसी महासचिव जितेंद्र शर्मा, पार्षद असलम कुरैश, रामेश्वर बुनकर जिला कांठोस कमेटी सचिव, समाजसेवी मुकेश खुडानिया रहे। इस दौरान रक्तदान करने वाले लोगो को प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस दौरान अध्यक्ष मोहम्मद अंसार व मोहम्मद आकिब ने बताया कि आगंतुक अतिथियों का साफा पहनाकर व माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया गया। इस रक्तदान शिविर में रेड ड्रॉप ब्लड सेंटर जयपुर की टीम मौजूद रही। इस दौरान रोहित शर्मा ने कहा कि धर्म व समाज के बंधन भूल कर यह मुस्लिम युवा देश के लाखों लोगों के लिए अच्छा काम कर रहे है, किसी के मन में अगर सेवा की भावना हो तो धर्म समाज कहीं आडे नहीं आते और रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बनता है इसलिए रक्तदान करें। उन्होंने इस बार अपना 26 वा रक्तदान किया है।ओर रक्तदान कर के इनको अच्छा लगा।इन्होंने लोगो से अपील भी की प्रत्येक व्यक्तियों को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। शाहरुख खान मोहम्मद अंसार विशाल पोसानिया मुकेश खुडानिया मोहम्मद आकिब इमरान खान राकेश वर्मा एवं समस्त टीम मुस्लिम यूथ फाउंडेशन शाहपुरा मौजूद रहे।

## अवैध बजरी ले जाते डंपर व ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त

**टोंक** । लांबाहरिसिंह थाना पुलिस ने शनिवार रात्रि को अवैध बजरी परिवहन पर कार्यवाही करते हुए एक ट्रैक्टर और एक डंपर को जब्त किया है। जिसकी पुलिस ने कार्यवाही के संबंध में खनिज विभाग को जानकारी दी।

सी.आई सूर्यभान सिंह ने बताया की पुलिस गश्त के दौरान गाडी लेकर देवल रोड गौशाला के पास बजरी भरकर जा रहे, एक डंपर एक ट्रैक्टर चालकों को रुकवाकर अवैध बजरी को पकड़ा जिस पर ड्राइवर के पास दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे, जिस पर कार्यवाही करते हुए डंपर चालक नंदलाल पुत्र मदनलाल बेरवा निवासी बोराड़ा थाना झिरोता तथा ट्रैक्टर चालक राजू माली पुत्र काना माली निवासी लांबाहरिसिंह को गिरफ्तार कर एक डंपर एक ट्रैक्टर को जब्त किया। उक्त दोनो चालको पर प्रकरण दर्ज कर पुलिस द्वारा अनुसंधान जारी है।

## बाल मेले में सजी व्यंजनों की स्टॉल


अग्रसेन जयन्ती के अवसर पर अग्रवाल समाज की महिलाओं व बच्चों ने बाल मेले का आयोजन किया ।

**टोंक** । अग्रसेन जयन्ती के अवसर पर रविवार को अग्रवाल धर्मशाला में अग्रवाल समाज की महिलाओं व बच्चों द्वारा बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन अग्रवाल समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र गोयल व कार्यक्रम संयोजक ने फीता काटकर किया गया। अध्यक्ष ने मेले में महिलाओं व बच्चों द्वारा लगाई गई स्टॉल पर जाकर स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद चखा, साथ ही बच्चों द्वारा मेले में किये गये प्रयासों पर उनकी हौंसला अफजाई भी की। राजेन्द्र गोयल ने कहा कि भारतीय संस्कृति को दिखाने वाले यह बाल मेले हमारी आने वाली पीढ़ी को सुन्दर संदेश देते है, साथ ही हमारी सांस्कृतिक परम्पराओं को बनाये रखती है। इसी प्रकार श्री अग्रवाल महिला मंडल टोंक के तत्वाधान में रविवार को मेहन्दी, मांडना, फैन्सी ड्रेस आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

## करन्ट से ट्रक ड्राइवर की मौत

**टोंक** । पीपलू उपखंड में रविवार को ट्रक ड्राइवर की बिजली के झूलते तार की चपेट में आने से मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक जिले के बरोनी पुलिस थानांतर्गत रविवार को बगडी - प्यावडी रोड के समीप एक ट्रक चालक अर्जुन पुत्र रामस्वरुप गुर्जर (32) बयाना थाना क्षेत्र के नगला बंशीया (भरतपुर) निवासी जो तिरपाल ठीक कर रहा था, जिस दौरान ही बिजली के झूलते तार की चपेट में आने से करंट से घायल हो गया, जिसको इलाज के लिए राजकीय सआदत अस्पताल टोंक लाया गया। जहां चिकत्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिस पर ग्रामीणो ने बिजली विभाग के विरूद्ध प्रदर्शन करते हुए जुलते तारो को सही करवाने की मांग की है।

## पदयात्रा दौसा के श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंची

**दौसा** । श्री दिगम्बर जैन पदयात्रा संघ जयपुर के तत्वावधान में आयोजित 38 वीं पदयात्रा रविवार को दौसा के श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंची। इस मौके पर दौसा जैन समाज की ओर से भावभीना स्वागत-सत्कार किया गया।

जैन समाज के प्रवक्ता प्रतीक जैन ने बताया कि पदयात्रियों ने स्नानादि के बाद मंदिर जी में संगीतमय सामूहिक पूजन की जिसमें पारस प्यारा लागो जिनेश्वर प्यारा लागो सहित भक्ति संगीत व नृत्य प्रस्तुति दी गई। जैन समाज दौसा के अध्यक्ष आलोक जैन, राजेन्द्र जैन एडवोकेट, विमल जैन चांदराना, विनोद जैन खवा व प्रतीक जैन द्वारा पदयात्रा संघ के संरक्षक सुभाष चन्द जैन एवं संयोजक भाग चन्द गोधा का तिलक लगाकर व माला एवम दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। संघ की ओर से ज्ञान वर्धक जैन धार्मिक हाऊजी का आयोजन हुआ। अतिथि महेश जैन, सुकुमार जैन, भंवर लाल नीलम सेठी थे। संचालन सूर्य प्रकाश छाबड़ा एवं सलिल जैन ने किया। प्रथम मोक्ष श्वेता छाबड़ा को मिला। विजेताओं को संघ की ओर से पुरस्कृत किया गया। अन्त में जयकारों के बीच श्री जी के कलशाभिषेक किये गये। माल का पुण्यार्जन समाजश्रेष्ठी राजेन्द्र जैन, प्रतीक जैन ने किया। इस मौके पर जैन समाज दौसा के अध्यक्ष आलोक जैन, प्रवक्ता प्रतीक जैन, डॉ अभिषेक जैन, जैन विद्वान संजय जैन, माणक जैन, प्रवीण जैन सहित पदयात्रा संघ के संरक्षक सुभाष चन्द जैन, संयोजक भाग चन्द गोधा, सुरेश ठोलिया, सूर्य प्रकाश छाबड़ा, सलिल जैन, अमर चन्द दीवान, मैना बाकलीवाल, महेन्द्र गिरधरवाल, राजेन्द्र जैन मोजमाबाद, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण शामिल हुए।

## 3 मोटरें चोरी

**सिकराय** (निसं) सिकंदरा थानांतर्गत गीजगढ कस्बे में जलदाय विभाग के पंपहाउस से शनिवार रात को अज्ञात चोर पंपहाउस से तीन मोटरें चोरी करके ले गए। सुबह पंपहाउस में मोटर चलाने के लिए पंप चालक पहुंचा तो उसे जाली टूटी मिलीं और मोटरे भी गायब मिली। पंप चालक ने मोटर चोरी होने की सूचना जलदाय विभाग के अधिकारियो व गीजगढ़ चौकी पुलिस को दी। गीजगढ़ चौकी प्रभारी सोबरन सिंह ने चोरी की सूचना पर पंपहाउस पहुंचकर घटना कि जानकारी ली । पंपहाउस चालक गोपाल गोस्वामी बताया कि अज्ञात चोर पंपहाउस की दीवार की जाली तोड़कर पंपहाउस परिसर में रखीं 3 मोटरें चोरी करके ले गए। जिसमें मोनोब्लॉक 7.5 एचपी, सबमर्सिबल 12 एचपी व 10 एचपी की मोटरें चोरी करके ले गए।

## गाय देश की आत्मा है, हाथ जोड़कर गोरक्षा का संकल्प लिया

**जमवारामगढ़** / भगवान विष्णु और गोपालकों को बचा लो.... संस्कृति और संस्कृति को बचा लो...देश बचा लो.. भजन गाकर सुप्रसिद्ध गौ ऋषि संत प्रकाश दास महाराज ने भगवान से मोक्ष की अपील की। उन्होंने कहा कि गाय देश की आत्मा है। सभी ने दोनों को हाथ जोड़कर गोरक्षा का संकल्प लिया। संत प्रकाश दास ने देश व भोला भंडारी भजन प्रस्तुत कर संगीत को जबरन कर दिया। भजन गायक राजू बावरा , कोमल शर्मा व राजू बृजवासी पागल व रामअवतार शर्मा ने अमृत रसगंगा में खूब रस डाला। इस दौरान दिल्ली हरियाणा के कलाकारों ने मां काली का तांडव नृत्य, भूत प्रेतों के साथ भोले नाथ की अनोखी बारात, शिव तांडव नृत्य, कृष्ण सुदामा मिलन की हुंकार प्रस्तुति की। भजन कार्यक्रम में महिलाओं और पुरुषों ने जमकर नृत्य किया। शिव सेवा समिति आमखोल, जमवारामगढ़ के अध्यक्ष एडवोकेट बिहारी लाल मीणा ने बताया कि 16 वॉ वार्षिक महोत्सव का उद्घाटन समारोह जोगी आश्रम में स्थित धर्मेश्वर महादेव मंदिर से कलश यात्रा ध्वज पूजन के बाद शुरू हुआ था। शिव सेवा समिति की ओर से शनिवार शाम को अंबकेश्वर महादेव मंदिर में भोले की हुंकार भरी गई। हुनकी देखने की बड़ी संख्या में विश्वनाथ की भीड़, धनुष मंदिर। इसके साथ ही हरिद्वार से 1100 लीटर गंगाजल लेकर पंडितों ने रुद्री पाठ के सहस्त्रघट बनाकर रिझाया है। अंबकेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय 16वें वार्षिकोत्सव के समापन पर रविवार को भंडारा हुआ। इसमे श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी पाई। मंदिर जीर्णोद्धार का लाखों की लागत का ऐलान: विधायक महेंद्र पाल मीना ने अंबकेश्वर महादेव मंदिर के शिखर से जीर्णोद्धार का लाखों की लागत का ऐलान किया।

## टिकट के लिए दावेदार पहुंचने लगे जयपुर, दिल्ली

**दौसा** । दौसा विधानसभा उपचुनाव को लेकर भाजपा, कांग्रेस सहित अनेक राजनैतिक पार्टियों के नेता एवं टिकिट के दावेदार सक्रिय हो गये है तथा टिकिट हथियाने के लिए अपने आंकाओं के जयपुर, दिल्ली में देवरे ढोकने शुरु कर दिये है। उधर कांग्रेस एवं भाजपा ने संगठन स्तर पर तैयारियां तेज कर दी है तथा दोनो राजनैतिक दलों के नेता ब्लॉक एवं ग्राम तथा मंडल स्तर पर बैठक आयोजित कर कार्यकर्ताओं में जोश भर रहे है। उल्लेखनीय है कि दौसा विधानसभा चुनाव को लेकर राजनैतिक सरगर्मियां तेज हो गई है। कांग्रेस की ओर से पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के साखमखास पूर्व राज्यमंत्री महेश शर्मा एवं युवा नेता संदीप शर्मा ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर कांग्रेस के स्थानीय नेताओ में हडकम्प मचा दिया है। उधर भाजपा से भी कृषि मंत्री डॉ. किरोडीलाल मीणा के छोटे भाई सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी जगमोहन मीणा ने भी अपनी दावेदारी पेश कर दी है। बताया जाता है कि कांठोस एवं भाजपा ने प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया शुरु कर दी है तथा ग्राउंड स्तर पर कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित कर रायशुमारी की जा रही है। भाजपा उपचुनाव को लेकर काफी गंभीर दिखाई दे रही है तथा पिछले एक पखवाडे से राज्य, केन्द्र के मंत्रियो सहित संगठन के प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तरीय नेताओ द्वारा लगातार बैठके ली जा रही है। वही दूसरी ओर कांग्रेस ने दौसा सांसद मुरारीलाल मीणा को उपचुनाव की सारी जिम्मेदारी सौंप दी है, हालांकि प्रदेश कांठोस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द डोटासरा ने सांसद मुरारीलाल मीणा के सहयोग के लिए प्रदेश स्तरीय नेता पुष्पेन्द्र भारद्वाज एवं विधायक रफीक खान का लगा रखा है। इधर चुनाव की अधिसूचना जारी होने की संभावनाओ के चलते भाजपा एवं कांठोस में टिकिट की दौड में शामिल नेता पूरी तरह से सक्रिय हो गये है तथा अपने आंकाओं के देवरे ढोकने शुरु कर दिया है। भाजपा की ओर से पूर्व विधायक शंकर शर्मा, उनकी धर्मपत्नि आशा देवी शर्मा, पूर्व विधायक नन्दलाल बंशीवाल, जगमोहन मीणा, पूर्व जिला प्रमुख विनोद कुमार शर्मा, पूर्व पालिका अध्यक्ष पुष्पा घोषी सहित तकरीबन चार दर्जन से अधिक नेताओ ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है। वही दूसरी ओर कांठोस से पूर्व राज्यमंत्री महेश शर्मा, युवा नेता संदीप शर्मा, पूर्व काबीना मंत्री बृजकिशोर शर्मा की पुत्रवधु समृद्धि शर्मा, पूर्व पार्षद राकेश चौधरी सहित आधा दर्जन नेता टिकट की दौड में शामिल है। सूत्रो ने बताया कि राज्यमंत्री महेश शर्मा, युवा नेता संदीप शर्मा के टिकट की दौड में शामिल होने के साथ ही मामला रोचकपूर्ण हो गया है। दोनो ही नेता पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के खासमखास सिपहसालार माने जाते है, ऐसे में सचिन पायलट की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## सांभर में सोनोग्राफी की निशुल्क जांच अटकी

**सांभरझील,** (निसं)। निवर्तमान सरकार की ओर से राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उप जिला अस्पताल का दर्जा मिलने के बाद यहां पर एनेस्थीसिया, पैथोलॉजी, आंख नाक गला रोग विशेषज्ञ के बाद सबसे महत्वपूर्ण सोनोलॉजिस्ट की नियुक्ति भी हो चुकी है। सोनोलॉजिस्ट के पद पर डॉक्टर आकांक्षा विजयवर्गीय को जिम्मेदारी दी गई है लेकिन इनकी नियुक्ति के साथ ही अभी तक सोनोग्राफी मशीन नहीं आने से क्षेत्र के मरीज को इसका वास्तविक लाभ नहीं मिल रहा है। यहां के राजनेताओ की निष्क्रियता के कारण अनेक सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। लोगों से बात करने पर बताते हैं कि यहां के करीब डेढ़ सौ से 200 डिलीवरी इस अस्पताल पर निर्भर है जिनकी सोनोग्राफी की जांच सरकार ने निशुल्क कर रखी है, लेकिन राजनीति दबाव के कारण सोनोग्राफी मशीन नहीं आ रही है जिसके कारण इन गर्भवती महिलाओं को अपनी जांच के लिए 800 से 1500 रुपए देकर बाहर निजी तौर पर जांच करवाने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि अस्पताल प्रशासन की ओर से इस मामले में विभाग को पत्राचार भी किया गया है कि शीघ्र सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध करवाई जाए ताकि क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिल सके और बाहर मोटी रकम देकर जांच कराने से उनको राहत मिल सके।

# स्वामी श्याम भारती के चादर रस्म समारोह में श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी पाई

### आश्रम में सुबह से ही श्रद्धालु महिला पुरुषों का आना जाना रहा

**राजगढ़** । जन-जन की आस्था के केंद्र अवधूत दत्त आश्रम में महंत स्वामी श्याम भारती की चादर रस्म साधु संतों ने विधि विधान एवं संतों की परंपरा के अनुसार कार्यक्रम को संपन्न कराया। इस दौरान आश्रम में सुबह से ही श्रद्धालु महिला पुरुषों का आना जाना रहा। महंत स्वामी श्याम भारती की याद में अनेक श्रद्धालु रोने लगे। श्रद्धा एवं आस्था से परिपूर्ण माहौल में साधु संतों की मौजूदगी के साथ प्रमुख लोगों ने चादर रस्म कार्यक्रम में अपना यथा योग्य सहयोग प्रदान किया। रविवार को अवधूत दत्त आश्रम सहित समूचे कस्बे में श्याम भारती की महिमा का बोलबाला रहा। उत्तर प्रदेश पंजाब, हरियाणा एवं अन्य राज्यों के शिष्यों ने गुरु के अंतिम कार्यक्रम चादर रस्म मैं अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। पर्व रविवार प्रातः शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा, हवन एवं महायज्ञ के साथ साधु संतों की भंडारे में उपस्थिति के बाद चादर रस्म प्रक्रिया शुरू हुई। इस दौरान सैकड़ो साधु संतों ने महंत स्वामी अमन भारती महाराज पर चादर चढ़ाई। राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ विधायक मांगे लाल मीणा ने महंत स्वामी श्याम भारती की चादर रस्म की प्रक्रिया में भाग लिया। मीणा ने भी चादर चढ़ाई। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, कस्बे के महिला पुरुषों सहित बच्चों सहित अन्य लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ कमाया। चादर रस्म के समय कस्बे के प्रमुख लोग, समाजसेवी, धर्म प्रेमी एवं स्वामी श्याम भारती के शिष्य भारी संख्या में मौजूद रहे। आश्रम में साधु संतों की मौजूदगी एवं विदाई प्रमुख आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान महंत प्रकाश दास महाराज, नवल दास महाराज, एवं अन्य ख्याति नाम साधु संत मौजूद रहे।

- साधु संतों की मौजूदगी के साथ प्रमुख लोगों ने चादर रस्म कार्यक्रम में अपना यथा योग्य सहयोग प्रदान किया


स्वामी श्याम भारती की चादर रस्म समारोह में अनेक श्रद्धालुओं ने प्रसादी पाई।

## राम वनवास की लीला का मंचन

**पावटा** । आदर्श रामलीला मंडल पावटा द्वारा शनिवार को राम वनवास लीला का मंचन किया गया। रामलीला के आठवें दिन भगवान राम के वनवास का मंचन किया गया। वन गमन के समय पुत्र वियोग महाराज दशरथ (महेश पारिक) का विलाप देख कर बैठे दर्शकों की आंखों से अश्रु धारा बहने लगी। आदर्श रामलीला मंडल पावटा मैदान में आयोजित हो रही सजीव राम लीला के मंचन में शनिवार की रात अयोध्या नरेश महाराज दशरथ दशरथ (महेश पारिक) ने विचार किया कि श्री राम (लक्की भारद्वाज) को अयोध्या का राजा बनाया जाए। उन्होंने अपने मंत्री सुमंत(मोहन गौड) को बुलाकर बडे बेटे राम को राजा बनाए जाने के लिये राज्याभिषेक की तैयारी करने का आदेश दिया। यह सूचना जैसे ही महारानी कैकेयी(मुकेश सोनी) की दासी मंथरा (अमरनाथ पटेल) को प्राप्त हुई, मंथरा ने महारानी के कान भरना शुरू कर दिया। महारानी कैकेयी मंथरा की बातों को मानकर राजा दशरथ से अपने पुराने दो वरदान मांगे। राजा दशरथ ने महारानी कैकेयी को दोनों वरदान देने का निर्णय करते हुए कहा कि हम रघुवंशी हैं, हम अपने दिए गए वचन को निभाने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। कैकेयी ने अपने पुत्र भरत को राजतिलक और कौशल्या पुत्र राम को चौदह वर्ष का वनवास मांगा। यह सूचना जैसे ही भगवान राम को मिली, भगवान राम तुरन्त वन गमन को तैयार हो गए। जैसे ही भगवान राम के वन गमन की सूचना महराज दशरथ को हुई।